13/10/2024

आकाशवाणी ईटानगर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जो अपने सिक्किम के दौरे पर है, आज वर्चुअल माध्यम से सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा दो हज़ार दो सौ तेईस करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पचहत्तर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। अरुणाचल प्रदेश को अट्ठारह बुनियादी ढांचा परियोजनाएं मिली हैं, जिनमें तीन सड़कें, चौदह पुल और एक हेलीपैड शामिल हैं। ई-उद्घाटन के दौरान राज्य के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनाइक और मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी ईटानगर से वर्चुअल माध्यम से मौजूद थे। राज्यपाल ने राज्य के लोगों की ओर से केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ये बुनियादी ढांचे राज्य में, विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देंगे, वाइब्रेंट बॉर्डर विलेज कार्यक्रम को बनाए रखेंगे और राज्य सरकार के प्रमुख 'सेवा आपके द्वार' में सहायता करेंगे। इस बीच, अपने सोशल मीडिया पोस्ट में श्री खांडू ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आभार व्यक्त किया है, साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी आभार व्यक्त किया और कहा कि अरुणाचल प्रदेश ने कनेक्टिविटी क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास का अनुभव किया है और ये परियोजनाएं उस प्रगति को और बढ़ाएंगी।

0000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कल लोहित जिले के परशुराम कुंड में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। अपने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उपमुख्यमंत्री ने बताया कि परशुराम कुंड को पूर्वोत्तर भारत के सबसे बड़े तीर्थ स्थलों में से एक बनाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने भगवान परशुराम की पूजा भी की।

00000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश लिटरेरी सोसाइटी (एपीएलएस) की 16वीं शाखा का उद्घाटन शनिवार को अपर सुबनसिरी जिले के दापोरिजो में सर्किट हाउस में विधायक तानिया सोकी और प्रसिद्ध गायक टाकियो सोकी की मौज़ूदगी में एपीएलएस के महासचिव मुकुल पाठक ने किया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने अपनी स्वयं की रचित लघु कथाएँ और कविताएँ सुनाईं। इस अवसर पर उन्हें अनुशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस बीच, इंजीनियर लार्दिक कारे को एपीएलएस, अपर सुबनसिरी शाखा का अध्यक्ष, तामे सुम्पी को उपाध्यक्ष और दुलार दुजोम को महासचिव चुना गया।

00000000000000000000

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पोर्टल पर अब तक एक सौ तिरानवें कंपनियों ने करीब इक्यानवें हजार इंटर्नशिप के अवसर दिए हैं। केंद्र सरकार द्वारा इस महीने की तीन तारीख को पायलट आधार पर शुरू किया गया इंटर्नशिप पोर्टल आज आवेदकों के पंजीकरण के लिए खोला जाएगा। उम्मीदवार आज से इस महीने की पच्चीस तारीख तक pminternship.mca.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। इंटर्नशिप की अवधि बारह महीने होगी।

00000000000000000000

आकाशवाणी दरभंगा के प्रसिद्ध पूर्व रेडियो प्रस्तुतकर्ता और संगीतकार इंद्रानंद सिंह झा का आज दरभंगा में उनके पैतृक गांव चनौर में निधन हो गया। वे सतत्तर वर्ष के थे। आकाशवाणी दरभंगा से अपने ग्रामीण रेडियो वार्ता कार्यक्रम गामघौर के लिए अत्यंत लोकप्रिय रहे।

वे अपनी सेवा के दौरान रेडियो श्रोताओं के बीच बहुत लोकप्रिय थे। उनके निधन पर सामाजिक व सांस्कृतिक संगठनों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

0000000000000000000

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर दस दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम शनिवार को ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट स्थित ताईक्वोंडो क्लब में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य लैंगिक समानता के महत्व और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत किशोरियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और सशक्त बनाना था। कार्यक्रम के दौरान ताईक्वोंडो प्रतियोगिता और प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए।

000000000000000

मौसम विज्ञान केंद्र ईटानगर (एमसीआई) ने पूर्वानुमान लगाया है कि तवांग, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग जिलों को छोड़कर, बाकी जिले यिल्लो जोन में हैं और अलग-अलग स्थानों पर बिजली चमकने और गरज के साथ भारी वर्षा होने की संभावना है।

00000000000000000000

केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अभिनव परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए योजना दिशा-निर्देश अधिसूचित किए हैं। इस योजना के अवयव के तहत अभिनव परियोजनाओं के अंतर्गत, छत पर सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकियों, व्यापार मॉडल और एकीकरण तकनीकों में उन्नति को प्रोत्साहित करने के लिए पाँच सौ करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं।

इस योजना के इस अवयव का उद्देश्य नई अवधारणाओं को आगे बढ़ाने में स्टार्टअप, संस्थानों और उद्योगों की पहचान करना और उनका समर्थन करना है।

0000000000000000

आकाशवाणी ईटानगर की क्षेत्रीय समाचार इकाई प्रत्येक जिले से एक पार्ट टाईम संवाददाता (पीटीसी) के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवार अपना आवेदन दे सकते है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 8/11/2024 है। इच्छुक उम्मीदवार www.newsonair.gov.in पर 'वेकैंसीज' पर जा सकते हैं।

00000000000000000

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड- बी.सी.सी.आई. ने 16 अक्टूबर से शुरू होने वाली भारत-न्यूज़ीलैंड के बीच तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। रोहित शर्मा टीम के कप्तान होंगे। जरप्रीत बुमराह को उप-कप्तान बनाया गया है।

0000000000000000000000